'छत्तीसगढ़' 2 मार्च 2019

पूर्व छात्रों ने एलुमनी मीट में पुरानी यादों को साझा किया

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 2 मार्च। विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय शनिवार को एलुमनी एसोसिएशन द्वारा विप्र कॉलेज एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 23 वर्षों के बाद मिले 1996-97 प्रथम बैच के विद्यार्थियों ने पुरानी यादों को साझा किया। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी, पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, सचिव अजीत शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किए। विप्र कॉलेज सभागार में समारोह का उद्घाटन करते हुए डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि पूर्व छात्र संगठन का गठन 5 वर्ष पूर्व किया गया। 5 वर्षों में पूर्व छात्रों के कॉलेज के गतिविधियों में भागीदारी रही। कॉलेज के पूर्व छात्रों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। मिलन समारोह में शामिल नरेंद्र यादव ने सर्व सुविधा युक्त कैंपस को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज को दिया। इस अवसर पर वैभवी हिरीशकर, आकाश शर्म, प्रवेश जोशी, भूपेश शर्मा, दुग्विती वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

'देशबन्धु' 3 मार्च 2019

विप्र कॉलेज के एलमनी मीट में वर्षों बाद मिले पूर्व छात्र

रायपुर, 2 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षक समिति संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में एलुमनी एसोंसिएशन द्वारा आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह में 1996-97 प्रथम बैंच के विद्यार्थी 23 वर्षो बाद आपस में मिलकर भाव-विभोर हो गयें, और अपने कॉलेज के शानदार कैम्पस को देखकर खुशी जाहिर की। मंच पर उपस्थित प्राचार्य डॉं. मेधेश तिवारी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र यादव, सचिव अजीत शुक्ला ने महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों ने सहयोग देने का वादा किया। विप्र कॉलेज सभागार में समारोह का उद्घाटन करते हुए डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा पूर्व छात्र संगठन के पांच वर्षो में पूर्व छात्रों की गतिविधियों में भागीदारी रही और उनकी उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियो के लिए प्रेंरणास्त्रोत है। पूर्व पार्षद नरेन्द्र यादव ने कहा कॉलेज में 1997 के समप इतना साधन नहीं था आज कॉलेंजके सर्वसुविधायुक्त कैं म्पस को देखर खुशी हुई। सी.ए.आकाश शर्मा ने कहा हमारे टीचर अच्छेथे, आज सुविधाभी है। उसका लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए पूर्व छात्र प्रवेश जोशी ने बताया कॉलेज की बदौलत आज डी.एस.ओ.ई। मैं चाहता है, हर विद्यार्थि सफलता प्राप्तकरें। योगा के पूर्व छात्र रवि शंकर साहू ने बताया यहां के सीख और अनुभव के कारण अम्बिकापूर केन्द्रीय विद्यालय में हजारों बच्चों को योग में प्रशिक्षित कर चुका है। इस अवसर पर पूर्व छात्रा वे भवी हिरीशंकर, सीएआकाश शर्मा, प्रतेश जोशी, दुगविती वर्मा, और भूपेश शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

Scanned by TapScanner